मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 28 जनवरी 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	29/01/20	30/01/20	31/01/20	01/02/20	02/02/20
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	25	24	24	24	25
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	11	9	9	10	10
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	0	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	62	52	45	39	35
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	31	21	22	20	18
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	8	11	10	10	12
हवा की दिशा	पूर्व–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
सरसों		सरसों में माहू कीट के प्रकोप की सम्भावना है। कीट के नियंत्रण के लिए मैलाथियान 50 ईसी. सवा लीटर या डाइमिथेएट 30 ईसी. 875 मिली लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
जौ		जौ की फसल में सिंचाई करें तथा दीमक का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु कलोरपायरीफॉस 20 ई.सी. 4 लीटर प्रति हैक्टेयर दें।
जीरा		जीरे की फसल में छाछ्या एंव झुलसा रोगों का एक साथ नियंत्रण करने के लिए जाइनेब 68 प्रतिशत + हेक्जाकोनाजोल 4 प्रतिशत के बने हुए मिश्रण का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
चना		चना की फसल में हल्की सिंचाई करें।
गेहूं		गेहूं की फसल में दीमक का प्रकोप दिखाई देने पर क्लोरोपायरीफॉस 4 लीटर प्रति हैक्टेयर सिंचाई के साथ दें।
पशु		पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग के विरूद्ध टिकाकरण कराएं।

(नौडल ऑफीसर)